# Aryabhatta College

## ***Department of Hindi***

### ***(Annual Report for the Academic session 2023 to 2024)***

1) Name of Teacher in Charge – Dr. Neetu Jai Singhani
2) Brief details of Faculty members-

1. Prof. Kailash Prakash Singh
2. Prof. Balraj Sinhmar
3. Dr. Dev Prakash Mishra
4. Prof. S.B.N. Tiwari
5. Dr. D.B. Singh
6. Dr. Neetu Jai Singhani
7. Dr. Birendra Kumar
8. Dr. Promila
9. Dr. Rashmi Tyagi

3)Student Strength

| First Year | Second Year | Third Year |
|---|---|---|
| 37 | 46 | 44 |

4)Details of publication work by the faculty members

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लेखक - रविंद्र कुमार कैलाश प्रकाश सिंह | संवाद पथ ( जनसंचार एवं पत्रकारिता केंद्रित पत्रका) | खंड -6, अंक-2 जुलाई-सितंबर 2023 | ISSN NO - 2581-7353 UGC Care list | दलित पत्रकारिता के पुरोधा डॉ.अंबेडकर | |
| 2. | प्रो.बलराज सिंहमार | Creative Space: International Journal | Jan-March 2023 | ISSN No :2347-1689 | Bhartiye radio : Dasha aur disha पृष्ठ संख्या 77- 83 | |
| 3. | प्रो.बलराज सिंहमार | Creative Space: International Journal | April-june 2024 | ISSN No :2347-1689 | स्त्री विमर्श और डॉ. अंबेडकर पृष्ठ संख्या 12-19 | |
| | | | | | | |
| 4. | डॉ. धीरेंद्र बहादुर सिंह | शोध सरिता (An International Multidisciplinary quarterly Bilingual Peer reviewed Refereed Research journal) | Vol .10, Issue-10 October - December 2023 | ISSN No :2348-2397 | मुक्तिबोध का आत्मसंघर्ष और उनकी लंबी कविताएं। | |
| 5. | डॉ. नीतू जय सिंघानी | International Research Journal of Commerce Arts & Science | Vol.14 Jan 2024 | ISSN No-2319-9202(0)<br><br>UGC ID -44854 Ref.CASIRJ/2023/A1018223 | भारतीय लोक परंपरा में भिखारी ठाकुर का महत्व | |
| 6. | डॉ. प्रमिला | समीचीन | अंक -35 , अप्रैल-जून 2023 | ISSN No: 2250-2335 UGC Care list | प्रेम रंजन 'अनिमेष' की कविता में स्त्रीत्व और वात्सल्य। पृष्ठ 120-126 | |
| 7. | . डॉ रश्मि त्यागी | Education & Society | Vol-46,No-3 April-June 2023 | UGC Care group -1 Journal | नारी अस्मिता का प्रश्न (नाटक नीलदेवी और श्वेत कमल के संदर्भ में) | |
| | | | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5) Participation of faculty members in seminar/workshop,etc. | | | |
| 1. डॉ. नीतू जय सिंघानी | दो सप्ताह का ऑनलाइन अंतः विषयक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) 25 अक्टूबर से 8 नवम्बर 2023 | आत्माराम सनातन धर्म कालेज | विषय- भारतीय लोक परंपरा के विविध आयाम |
| 2.डॉ. प्रोमिला | दो सप्ताह का ऑनलाइन अंतः विषयक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) 25 अक्टूबर से 8 नवम्बर 2023 | आत्माराम सनातन धर्म कालेज | विषय- भारतीय लोक परंपरा के विविध आयाम |
| 3.डॉ. रश्मि त्यागी | दो सप्ताह का ऑनलाइन अंतः विषयक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) 25 अक्टूबर से 8 नवम्बर 2023 | आत्माराम सनातन धर्म कालेज | विषय- भारतीय लोक परंपरा के विविध आयाम |
| 4.डॉ. रश्मि त्यागी | एफडीपी 11 मार्च से 20 मार्च 2024 | पंडित मदन मोहन मालवीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम | विषय- नई शिक्षा नीति 2020 |
| 5.डॉ. रश्मि त्यागी | अभिमुखीकरण कार्यक्रम (Orientation Programme) 22 नवम्बर से 21 दिसंबर 2023 | पंडित मदन मोहन मालवीय शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय मिशन | |

6)Achievement of Students including their participation in various societies

| s.no | Name | Roll no | year | Course | Competition/Society | Position |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Aakash Thakur | HIN/22/07 | 3rd | Hindi Hons | NCC- All India thal sainik camp | |
| 1. | Suyash Pathak | HIN/22/43 | 3rd | Hindi Hons | Volleyball Intercollege | 2nd |
| | Manorma Yadav | HIN/22/25 | 3rd | Hindi Hins | Council Representative | - |
| 1. | Aditya | HIN/21/58 | 3rd | Hindi Hons | Nibs &Brushes | Member |
| 2. | Nihal Singh | HIN/23/26 | 2nd | Hindi Hons | Debating Society Interview | 2nd |
| 3. | Smita Pandey | HIN/23/27 | 2nd | Hindi Hons | Rangoli Competition | 2nd |
| 5. | Reena | HIN/23/50 | 2nd | Hindi Hons | Rangoli Competition | 2nd |
| 6. | Jiten Negi | HIN/22/62 | 3rd | Hindi Hons | Sulekh Competition | 1st |
| 7. | Reena | Hin/23/50 | 2nd | Hindi Hons | Nibs & Brushes | Member |
| 8. | Anita | HIN/22/56 | 3rd | Hindi Hons | Dalit literature festival | Volunteer |
| 9. | Dev | HIN/22/14 | 3rd | Hindi Hons | Rangoli Competition | 3rd |
| 10. | Aayush Gupta | HIN/22/69 | 2nd | Hindi Hons | Dalit literature festival | Volunteer |
| 11. | Ayush Gupta | HIN/22/69 | 2nd | Hindi Hons | Hindi Sahitya Parishad | Secretary |
| 12. | Aditya | HIN/21/58 | 3RD | Hindi Hons | Hindi Sahitya Parishad | President |
| 13. | Aditya | HIN/21/58 | 3rd | Hindi hons | Hindi Sahitya Parishad | Outstanding Performance |
| 14. | Aditya | HIN/21/58 | 3rd | Hindi Hons | Logo Competition | 1st |
| 15. | Dhruv | HIN/22/16 | 2nd | Hindi | Hindi Sahitya Parishad | Vice- President |

7)Co-curricular Programmes conducted by the Department

| S.no | Name of the Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Nibandh lekhan Pratiyogita | 12.9.23 |
| 2. | Dhruvswamini Natak ki video Prastuti | 17.10.23 |
| 3. | Sulekh lekhan Pratiyogita | 28.11.23 |
| 4. | Hindi Diwas Sangoshti (seminar) | 14.9.23 |
| 5. | Bhartiya bhasha diwas ka aayojan | 11.12.23 |
| 6. | Rangmanch karyashala (workshop) | 2.5.2024 |

8)Library Budget sanctioned for the Department; 1,30,000/-

9)(Strength ,Weakness , Opportunities, Challenges) SWOC Analysis of the Department

Strenght- आज के समय में मनुष्य बहुत भौतिक उन्नति करके भी मानसिक तनावों से ग्रस्त है। ऐसे में बड़े-बड़े मनोवैज्ञानिक भी उसे साहित्य के जरिए जीवन जीने की कला सीखने का परामर्श देते हैं। हमारे छात्रों को साहित्य के जरिए जीवन के वास्तविक मूल्यों और जीवन जीने की कला को सीखने का अवसर मिलता है। मेरी समझ में यही हिंदी विभाग और साहित्य के विद्यार्थियों की सबसे बड़ी शक्ति है।

Weakness- अक्सर हिंदी साहित्य की विद्यार्थियों में अंग्रेजी न जानने के कारण आत्मविश्वास की कमी होती है इसे दूर करने का प्रयास करना आवश्यक है।

Opportunities - हिंदी के विद्यार्थियों के पास - स्कूल में शिक्षक, कॉलेज में शिक्षक, फिल्मों में पटकथा लेखन और मीडिया में क्षेत्र मेंबहुत सारे रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं।

Challenges-हिंदी के विद्यार्थियों को समय की मांग के अनुसार तकनीक और अंतर्राष्ट्रीय भाषा अंग्रेजी की जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना । जिससे उनमें आत्मविश्वास पैदा हो सके। हिंदी के पाठ्यक्रम में हिंदी और तकनीक जैसे विषयों को जोड़कर इस दिशा में प्रयास किया जा रहे हैं।

10)Future Plans of the Department

आर्यभट्ट महाविद्यालय का हिंदी विभाग अपने को छात्रों की सिर्फ अकादमिक उपलब्धियां तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उनके बहुमुखी विकास के लिए हमेशा तत्पर रहता है ।विभाग ने छात्रों को अपने देश समाज खासकर हाशिए के समाज के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाने के लिए दलित स्त्री लेखन को अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया है। समकालीन साहित्यिक और सामाजिक मुद्दों से छात्रों को परिचित कराने के लिए विभाग समय-समय पर कार्यशाला ,काव्यपाठ और व्याख्यानों जैसी साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है।
हिंदी छात्रों के इतर अन्य विषयों छात्रों में भी सृजनात्मक प्रतिभा हिंदी के विकास के लिए विभाग 'जेनेरिक इलेक्टिव' और 'वैक'के रूप में हिंदी सिनेमा का पाठ्यक्रम चलता है। विभाग का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक प्रतिभा के उन्नयन के लिए अवसर प्रदान करना तथा उन्हें मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाना है, जिससे वे देश और समाज में अपनी भूमिका का सम्यक निर्वहन कर सकें।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए विभाग प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय के गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए 'हिंदी पखवाड़ा' का आयोजन करता है ,जिसमें कार्यशाला व्याख्यान और विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल है।

# हिंदी साहित्य परिषद,सत्र 2023 -24

Convener - डॉ.नीतू जय
सिंघानी ,असिस्टेंटप्रोफेसर,हिंदीविभाग

## छात्र प्रतिनिधियों का चयन

अकादमिक सत्र 2023 -24 में हिंदी साहित्य परिषद की गतिविधियों के संचालन हेतु सर्वप्रथम छात्र प्रतिनिधियों का चयन दिनांक 28.8.2023 को किया गया। चुनाव प्रक्रिया में प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्षों के छात्रों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। हिंदी-विभाग के सभी प्राध्यापक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। हिंदी साहित्य परिषद के चयनित प्रतिनिधि-

अध्यक्ष – आदित्य, तृतीय वर्ष, HIN/21/58

उपाध्यक्ष - ध्रुव, द्वितीय वर्ष, HIN/22/16

सचिव – आयुष, द्वितीय वर्ष, HIN/22/69

संयुक्त सचिव- सागर कुमार ,प्रथम वर्ष ,HIN/23/32

इसके अतिरिक्त प्राध्यापकों के नामांकन द्वारा द्वितीय वर्ष की प्रेरणा (HIN/22/31)और तृतीय वर्ष की प्रीति (HIN/21/24)चयनित हुई।




## शिक्षक दिवस

हिंदी विभाग के छात्रों ने दिनांक 5 सितंबर 2023 को छात्र गतिविधि कक्ष में 'शिक्षक दिवस' का आयोजन किया। शिक्षकों के मनोरंजन के लिए छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया। शिक्षकों को म्यूजिकल चेयर गेम खिलाई गई। छात्रों के इस प्रयास को देखकर अध्यापक बहुत भावुक हो गए।

# हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता

हिंदी साहित्य परिषद और राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयुक्त तत्वाधान में 12 सितंबर 2023 को सेमिनार कक्ष में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्रों के साथ प्रशासनिक कर्मचाररियों को भी भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया।















## हिंदी दिवस संगोष्ठी

14 सितंबर 2023 हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी साहित्य परिषद और राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयुक्त तत्वाधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोफेसर भरत सिंह (पूर्व क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान) ने 'राजभाषा हिंदी की विविध भूमिकाएं' विषय पर वक्तव्य दिया।



प्रतीक  चिन्ह(logo)प्रतियोगिता

दिनांक 10 अक्टूबर 2023 को हिंदी साहित्य परिषद के लिए एक 'प्रतीक चिन्ह (logo) प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चुने गए प्रतीक चिन्ह को भविष्य में साहित्य परिषद के लिए प्रयोग करने का निर्णय लिया गया।

चयनित प्रतीक चिन्ह






## नवागंतुक स्वागत समारोह

दिनांक - 13 अक्टूबर 2023 प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत के लिए द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज की तरफ से इस कार्यक्रम के लिए हमें सुबह 9:30 बजे से 12:30 तक सेमिनार कक्ष प्रदान किया गया था। साहित्य परिषद के सदस्यों ने कार्यक्रम का आयोजन पूरे उत्साह और जिम्मेदारी पूर्वक किया। छात्रों के निवेदन पर विभाग के वरिष्ठ अध्यापक केपी सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। और उसके पश्चात रंगारंग कार्यक्रम ने वातावरण को आनंदमय बनाया।





**ध्रुवस्वामिनी नाटक की वीडियो प्रस्तुति**

दिनांक 17 अक्टूबर 2023 को सुबह 11:30 बजे छात्र गतिविधि कक्ष में छात्रों के पाठ्यक्रम में लगे नाटक 'ध्रुवस्वामिनी' **नाटक** की वीडियो प्रस्तुति का दिखाई गई । उसके पश्चात छात्रों ने नाटक के विषय और मंचन पर विचार- विमर्श किया।






# रंगोली प्रतियोगिता और दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

हिंदी साहित्य परिषद द्वारा दिवाली के पावन पर्व पर दिनांक 8 नवंबर 2023 के दिन 'रंगोली प्रतियोगिता ' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में इंग्लिश विभाग की डॉक्टर गीता बुद्धि राजा और कॉलेज के प्राचार्य महोदय रहे। इनके द्वारा तीन टीमों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इन टीमों को कॉलेज में अलग-अलग स्थान पर रंगोली बनाने का कार्य सौंपा गया। इनमें से प्रथम पुरस्कार खुशी और लक्ष्मी द्वारा बनाई गई रंगोली मिला, जो कि प्राचार्य महोदय के ऑफिस के बाहर बनाई गई थी। दूसरे स्थान पर रीना और स्मिता द्वारा बनाई गई रंगोली रही, जो स्टाफ रूम के बाहर बनाई गई थी। तीसरे स्थान पर देव और सौरभ द्वारा बनाई गई रंगोली रही,जो मल्टीपर्पज रूम के बाहर बनाई गई थी। प्रतियोगिता के परिणामों को घोषित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य महोदय ने विजयी रही टीमों को पुरस्कार से भी सम्मानित किया। इसके पश्चात शाम 4:00 से 5:00 तक छात्रों द्वारा 'दीपोत्सव 'का आयोजन भी किया गया । रंगोली प्रतियोगिता और दीपोत्सव इन दोनों ही कार्यक्रमों से एक बहुत ही आकर्षक, प्रभावशाली और सुखद वातावरण का निर्माण हुआ।







**सुलेख लेखन प्रतियोगिता**

हिंदी साहित्य परिषद,दिनांक 28 नवंबर 2023 (मंगलवार )को हिंदी में सुलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया । जिससे विद्यार्थियों को अच्छे हस्त लेखन के महत्व से परिचित करवाया जा सके। प्रतियोगिता दोपहर 1:30 बजे से 2:30 तक 'सेमिनार कक्ष' में आयोजित की गई।



## 'भारतीय भाषा दिवस'

आधुनिक तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती की जन्म जयंती 11 दिसंबर के दिन 'भारतीय भाषा दिवस' मनाने का प्रस्ताव रखा गया। इस उपलक्ष्य में आर्यभट्ट महाविद्यालय में 11 दिसंबर 2023 को बड़ी धूमधाम से 'भारतीय भाषा दिवस' के रूप में आयोजित किया। भिन्न-भिन्न भाषा- भाषी छात्राओं ने इसमें बड़े उत्साह से भाग लिया।



## 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस'


21 फरवरी को यूनेस्को द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' के रूप में स्वीकृति दी गई है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में भाषाओं एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिकता को बढ़ावा देना है। यह दिन बांग्लादेश में भाषा आंदोलन दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी साहित्य परिषद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर एक शब्द प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । यह प्रतियोगिता 1 फरवरी 2024 से 21 फरवरी 2024 तक आयोजित की गई।इसके लिए कॉलेज की लोकतंत्र की दीवार (wall of democracy) का उपयोग किया गया। और जिस छात्र के शब्द पर सर्वाधिक अलग-अलग भाषाओं के अनुवाद प्राप्त हुए, उसे इस प्रतियोगिता में विजय घोषित किया गया।



दिनांक 2 मे 2024 को परिषद द्वारा ' रंगमंच कार्यशाला' का आयोजन किया गया । जिसमें अभिनय से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और खेलों आदि का परिचय छात्रों को दिया गया। यह कार्यशाला छात्रों के लिए पाठ्यक्रम से संबंधित भी रही।






दिनांक 777 में 2024 को तृतीय वर्ष के छात्रों की विदाई समारोह में साहित्य परिषद द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे निबंध लेखन प्रतियोगिता सुलेख प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस तरह इस वर्ष की साहित्यिक गतिविधियों का समापन हुआ।

